दिन–रविवार दिनांक– 28 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

03. प्रदेश में दाखिल–खारिज की नई व्यवस्था लागू। एक ही आवेदन पर परिवार के सभी हिस्सेदारों के नाम पर हो सकेगी बंटवारा भूमि की जमाबंदी।

04. और, राज्य सरकार ने कहा– ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, एआई को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये जायेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कल भी इस बैठक की अध्यक्षता की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने शासन और सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर निरंतर वार्ता के जरिए केंद्र– राज्य भागीदारी को मजबूत करना है।

———————————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने मनरेगा कानून में महात्मा गांधी का नाम केवल चुनावी फायदे के लिए शामिल

करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में मनरेगा के बजट में बार–बार कमी की गई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम में निर्णय दिल्ली से नहीं बल्कि ग्रामीण स्तर पर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब ग्राम पंचायतें खुद अपनी विकास योजनाएं बनाएंगी।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिणी हिस्सों के विभिन्न जिलों में शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

विभाग की रिपोर्ट के अनुसान पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गया राज्य का सबसे ठंडे स्थान रहा। इधर, घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो रहा है। पटना, दरभंगा और पूर्णियां हवाई अड्‌डें से कई उड़ाने रद्‌द कर दी गई और कई उड़ाने देर से परिचालित की जा रही है। वहीं, लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी काफी विलंब से हो रहा है।

———————————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने पटना में कहा कि रबी फसल के दौरान किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में और निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि खाद कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है और उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————————

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्‌डा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में पार्टी संगठन को लेकर विचार–विमर्श किया। श्री सरावगी ने कहा कि केन्द्रीय नेताओं से प्राप्त मार्गदर्शन से पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

———————————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते

देखा। विशेष श्रृंखला ''सुधारों का वर्ष'' में आज हमारे संवाददाता वर्ष दो हजार पच्चीस में बुनियादी ढ़ांचा क्षेत्र में देश की प्रगति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

---बाईट---

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में एक ही आवेदन के आधार पर पूरे परिवार की जमीन की जमाबंदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि बिहार भूमि पोर्टल पर बंटवारा दाखिल-खारिज की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब खतियानी भूमि के बंटवारे के बाद एक ही आवेदन के आधार पर सभी हिस्सेदारों के नाम से दाखिल-खारिज किया जायेगा। इससे आम लोगों को अनावश्यक कठिनाईयों से मुक्ति मिलेगी।

---बाइट---

---

प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, एआई का उपयोग कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास समेत विभिन्न विभागों में आपसी समन्वय के लिए किया जायेगा। इसके लिए बिहार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मिशन की स्थापना की जायेगी। इसकी कार्य प्रणाली और स्वरूप पर विचार के लिए सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में कई विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव सदस्य के रूप में शामिल किये गये हैं। वहीं, एआई क्षेत्र से जुड़ें विशेषज्ञ और शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

---

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आगामी आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के लिए पन्द्रह सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को शामिल किया गया है। यह विश्व कप जिम्बाब्वे और नामीबिया में अगले साल पन्द्रह जनवरी से छह फरवरी तक खेला जाएगा। टीम की कप्तानी आयुष म्हात्रे करेंगे, जबकि विहान मल्होत्रा उप-कप्तान होंगे। वहीं, वैभव सूर्यवंशी को अंडर-19 विश्व से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एक दिवसीय तीन मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है। यह मैच तीन, पांच और सात जनवरी को दक्षिण अफ्रीका में खेला जायेगा।

---

मुंगेर जिले के नयारामनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कन्हैयाचक गांव में शराब तस्करी के मामले में छापेमारी करने गयी पुलिस की क्यूआरटी टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर

दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने एक जवान की पिस्टल भी छिन ली। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पिस्टल बरामदगी के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक पुलिस जवान सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में चल रहा सरस मेला अब चार जनवरी तक जारी रहेगा। हालांकि एक जनवरी को मेला स्थगित रहेगा। प्राप्त जानकारी क अनुसार मेला की आज समाप्ति थी, लेकिन लोगों के बढ़ते उत्साह को देखते हुये ग्रामीण विकास विभाग ने इस अवधि बढ़ा दी गयी है।

———————————————————————————

सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अंबिका भवानी कॉलोनी में बीती रात बोरसी में अलाव जलाकर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों की मौत दम घुटने से हो गयी। वहीं, चार अन्य का इलाज चल रहा है। घटना के बाद सारण के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि कमरे में कार्बन मोनोऑक्साईड की अधिकता की वजह से यह हादसा हुआ।

———————————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि सरकार पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बक्सर में कहा कि हर पंचायत में पंचायती राज भवन बनाया जायेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी।

———————————————————————————

सीवान समाहरणालय में एडीजी अमित कुमार जैन की अध्यक्षता में सीवान और गोपालगंज जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें एडीजी ने अपराध नियंत्रण की स्थिति और शराब तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के तेघरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर बीस लाख रूपये की ठगी करने वाले फर्जी दारोगा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले में मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर चार सौ महिलाओं से लगभग दस लाख रूपये की ठगी की गयी। एक फर्जी कम्पनी के नाम पर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया।

———————————————————————————

कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र की पुलिस ने बहुआरा–सकरौली नहर पर वाहन जांच के दौरान तीस कार्टन विदेशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पारिवारिक बंटवारे में सरकार की पहल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– बिहार में जमाबंदी की नई व्यवस्था लागू। पारिवारिक भूमि के हिस्सेदारों की जमाबंदी एक आवेदन पर।

दैनिक जागरण ने मौसम की खबर पर लिखा है– सर्द पछुआ हवा से कांपा पूरा बिहार। राज्य में घने कोहरे की चेतावनी।

दैनिक भास्कर लिखता है– फर्जी सर्टिफिकेट पर बहाल दो हजार नौ सौ बारह नियोजित शिक्षकों पर एफआईआर।

प्रभात खबर की सुर्खी है– राज्य में ग्रामीण सड़कों की शिकायत या सुझाव पर अब होगी त्वरित कार्रवाई।

राष्ट्रीय सहारा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है–बिहार और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली टनल का निर्माण तेजी से पूरा करें।

आज अखबार की सुर्खी है– महुआ ओर आरा में अगले माह शुरू होगा मेडिकल कॉलेज।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

03. प्रदेश में दाखिल–खारिज की नई व्यवस्था लागू। एक ही आवेदन पर परिवार के सभी हिस्सेदारों के नाम पर हो सकेगी बंटवारा भूमि की जमाबंदी।

04. और, राज्य सरकार ने कहा– ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, एआई को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये जायेंगे।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।